उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्रांकः पीआरपीबी–चार–10(45)/2024 दिनॉकः मई 29 ,2026

सूचना/विज्ञप्ति

समूह ''घ'' के कार्मिकों की पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर विभागीय परीक्षा के आधार पर पदोन्नति हेतु दिनांक 22.05.2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी का प्रकाशन एवं प्रश्नों/उत्तर विकल्पों पर आनलाइन आपत्ति आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा समूह ''घ'' के कार्मिकों की पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर विभागीय परीक्षा के आधार पर पदोन्नति हेतु दिनांक 22.05.2026 को लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी जा चुकी है। अभ्यर्थी की प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित लिंक पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त लिंक पर जाकर उस पर दिये गये फील्ड्स में अपना अनुक्रमांक एवं जन्म तिथि भरकर अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी देख सकते हैं ।

2– बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी का अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। प्रदर्शित की गयी प्रश्न पुस्तिका के प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अभ्यर्थी द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज की जा सकती है एवं अभ्यर्थी यथासम्भव आपत्ति के समर्थन में स्रोत/सन्दर्भ भी निर्धारित स्थान पर अपलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा उक्त लिंक के माध्यम से दर्ज की गयी आपत्ति ही मान्य होगी। अन्य किसी भी माध्यम से की गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

3– अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से आज दिनांक 29.05.2026 से दिनांक 01.06.2026 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक दर्ज करा सकते हैं। एक प्रश्न पर एक बार आपत्ति दर्ज कराने के बाद अभ्यर्थी पुनः उसी प्रश्न हेतु कोई अन्य आपत्ति दर्ज नहीं करा सकता है। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कोई आपत्ति दर्ज कराने के पूर्व वह सावधानीपूर्वक अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी की जॉच कर लें ।

4– यद्यपि उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनींकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा/अनुमन्य होगा।

5– उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त डेटा को देखने में कोई असुविधा हो रही हो तो हेल्पलाइन नम्बर–8121578833 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन नम्बर दिनांक 01.06.2026 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक कार्यरत रहेगा ।

अपर सचिव, प्रोन्नति,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।